Publication: Indore Samachar
Date: 04/09/2014
Edition: Indore
Page No: 9
Headline: Sagar Public school wins

सागर पब्लिक स्कूल ने जीता

टीसीएस आईटी क्विज 2014 का इंदौर संस्करण



इंदौर, इंदौर के विभिन्न स्कूलों के 600 से ज्यादा छात्रों ने यूनीवर्सटी ऑडिटोरियम, डीएवीवी यूनीवर्सटी कैम्पस, खंडवा रोड के पास में आयोजित टीसीएस आईटी विज में हिस्सा लिया।

दिलचस्प क्षेत्रीय फाइनल मुकाबलों के बाद सागर पब्लिक स्कूल साकेत नगर, के अदित्या नायर और आयुष सोंगरा ने खिताब जीता। इस साल के क्षेत्रीय विजेता टीम के हर सदस्य को आईपैड एयर दिया गया जबकि उपविजेता रहे सेंट अर्नाल्ड्स हायर सेकंडरी स्कूल विजय नगर इंदौर के शीवांश बेहोर और आर्यान दास आईपैड मिनी हासिल करने में कामयाब रहे। इसके साथ उन्हें मेडल और विशेष रूप से तैयार की गई ट्राफी भी दी गई।

पुरस्कारों का वितरण प्रोफेसर ऋषिकेश, डायरेक्टर और प्रोफेसर, स्ट्रैटेजिक मैनेजमेंट, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट इंदौर ने टीसीएस आईओएन के उपाध्यक्ष एवं वैश्विक प्रमुख श्री वेंगुस्वामी रामास्वामी ने किया।

बुद्धिमत्तापूर्ण और रोचक सवालों के जरिए टीसीएस आईटी विज ने क्विजिंग की दुनिया में एक आयाम स्थापित किया है इसके साथ ही इस क्विज में सॉफ्टवेयर आधारित राउंड, गैमिफिकेशन और एनीमेशन जैसे तकनीकी अवधारणाओं का भी इस्तेमाल किया जाता है। सोशल मीडिया आउटरिच प्रोठााम के तहत क्विज में छात्रों से रियल टाइम में जुडने के लिए संवादात्मक शैली में ट्विटर कांटेस्ट आयोजित किया गया।

ट्विट एंड अर्न माइलेज : ट्विटर कांटेस्ट में 10768 ट्वीटआए। दो सर्वश्रेष्ठ विजेताओं को कैप और ब्लूटूथ स्पीकर दिए गए। इस ट्विटर कांटेस्ट में अर्निंग माइलेज सिस्टम भी शामिल था, जि-समें प्रत्येक ट्वीट खिलाडियों को 1

अंक देता था। पिक्चर के साथ ट्वीट करने पर 3 अंक और रीट्वीट के बदले उन्हें 5 अंक मिलने थे। 14 शहरों में से जो भी छात्र सबसे ज्यादा ट्वीट करके अधिक अंक हासिल करेगा उसे मुंबई में टीसीएस आईटी विज का मेगाफाइनल देखने का मौका मिलेगा।